54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.2°c अधिकतम 34.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:02, सूर्यास्त - 6:27 | वर्ष : 54/ अंक : 253 | रविवार, 13 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

दौलत एक ऐसी तितली है, जिसे पकड़ते-पकड़ते इंसान अपनों से दूर निकल जाता है।

लाल टोपी, नीला लिबास-काली करतूतें ढकने का नया प्रयास : केशव प्रसाद मौर्य



हार की आहट.. दिल है उदास.. लिबास के बदलाव में.. जीत की है आस..

# आबकारी विभाग से हो सांठ-गांठ तो रात 12 बजे तक भी ठेकों से मिल सकती है शराब

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** यूं तो सरकार की ओर से ठेकों पर शराब की बिक्री का समय रात्रि 10 बजे तक का ही है, मगर सैटिंग-गैटिंग की बात करें तो मुजफ्फरनगर में आबकारी विभाग की कृपा हो तो ये ठेके 12 बजे भी आपको सहर्ष शराब दे सकते हैं। यकीन न आता हो तो किसी दिन आबकारी विभाग को इसकी वीडियो भी उपलब्ध करा दी जाएगी। हालांकि चाहे वीडियो उपलब्ध हो जाए, चाहे लाइव ही क्यों न दिखा दिया जाये, तब भी होने वाला तो कुछ नहीं है। इस बात का मूल्य पहले से ही शराब का ठेका चलाने वाले ठेकेदार आबकारी विभाग तक पहुंचा चुके होते हैं। सम्भवतः समाचार प्रकाशित होने के कुछ दिन तक आनन-फानन में इन ठेकों को खुद आबकारी विभाग ही फोन करके मना कर दे कि अब 10 बजे के बाद किसी को शराब मत देना, मगर महीने-दो महीने बाद यह खेल फिर से शुरू हो जाएगा। दूसरा सवाल आबकारी विभाग यह भी खड़ा कर सकता है और भोला-भाला बनकर यह भी पूछ सकता है कि आखिर शहर में कौन से ऐसे ठेके हैं। तो आबकारी विभाग का यही काम है कि वह खुद इन मामलों की जांच करे, क्योंकि इस काम की तनख्वाह उन्हीं के घरों में जाती है, इसलिए बिना भोला-भालापन दिखाए अपने काम को सही से अंजाम दें, नहीं तो कुछ दिन बाद जब आबकारी विभाग से कुछ न हो पाएगा तो उन्हें अलग-अलग स्थानों के वीडियो भी मीडिया उपलब्ध कराएगा। हालांकि इस शहर में कितनी भी आंखें किसी भी विभाग की क्यों न खोल लो, पात तो ढाक के तीन ही रहने हैं, क्योंकि जब सैटिंग-गैटिंग का खेल शुरू हो जाए तो अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ होती दिखाई देती है। फिर सिर्फ शराब के ठेकों का ही नहीं किसी भी बात का मामला क्यों न हो, सब मामलों में पात ढाक के तीन ही रहते हैं। अब देखना यह होगा कि समाचार प्रकाशित होने के कितने दिन बाद तक ठेके 10 बजे के बाद तक नहीं खुलेंगे।






### कोरोना काल में ही सरकार ने जता दिया था कि उनकी सबसे पहली प्राथमिकता शराब के ठेके हैं

**मुजफ्फरनगर।** कोरोना काल में जब शिक्षा के स्कूल तक नहीं खुले थे तो उससे पहले ही सरकार ने राजस्व की पूर्ति के लिए सबसे पहला ध्यान सुरा प्रेमियों का ही रखा था और ठेकों को सबसे पहले खोला गया था। हालांकि उक्त ठेके खुलने से सरकार की जमकर किरकिरी हुई थी मगर सरकार को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि शराब के राजस्व के बिना सरकार का गुजारा नहीं चल रहा था। कोरोना काल तो बीत गया अब शराब के ठेका मालिक रात को 10 से 12 बजे तक भी आसानी से इसलिए शराब उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे एमआरपी से अधिक राशि वसूलकर खुद की जेबें भरी जा सकें और खुलकर उन्हें सरकार के नुमाइंदों का समर्थन प्राप्त है। उसी के दम पर आए दिन शहर से गांव तक रात्रि 12 बजे तक शराब मिलती देखी जा सकती है।

## बैटरी गलाने वाली फैक्ट्री सील, नाले में बहता मिला खतरनाक रसायनयुक्त पानी

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)।** नगर के बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने शुक्रवार शाम भारत मेटल वर्क्स फैक्ट्री को सील कर दिया। फैक्ट्री में पुरानी बैटरियों के सेल्स गलाने और प्लास्टिक के बैटरी बॉक्स को रिफर्निश करने का काम होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर के निर्देश पर टीम ने यह कार्रवाई की। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम शाम करीब 7 बजे फैक्ट्री पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। एई कुंवर संतोष कुमार के मुताबिक जांच के दौरान फैक्ट्री में कई अनियमितताएं मिलीं। टीम ने नियमों के उल्लंघन से जुड़े तथ्यों के आधार पर फैक्ट्री को सील करने की कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों के अनुसार निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री से प्रदूषित और खतरनाक रसायन युक्त पानी नाले में बहता मिला। पुरानी बैटरियों के सेल्स गलाने की गतिविधि को लेकर भी प्रदूषण और पर्यावरणीय मानकों के पालन पर सवाल उठे हैं। शिकायतों के बाद मौके पर मिली स्थिति को





कार्रवाई का आधार बनाया गया। कार्रवाई के समय फैक्ट्री प्रतिनिधि मोहम्मद नवाब भी मौके पर मौजूद थे। बताया गया कि फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कार्रवाई रोकने का प्रयास किया गया और अधिकारियों से कार्रवाई नहीं करने की गुहार लगाई गई। हालांकि टीम ने नियमों के तहत कार्रवाई जारी रखते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया। फैक्ट्री सील होने के बाद वहां उत्पादन संबंधी गतिविधियां रोक दी गई हैं। कार्रवाई से बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अब फैक्ट्री की गतिविधियों और नियमों के उल्लंघन से जुड़े तथ्यों की जांच कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक फैक्ट्री में पर्यावरणीय नियमों के पालन की स्थिति और मौके पर मिली अनियमितताओं की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की प्रक्रिया फिलहाल जारी है।

### बाननगर फाटक के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**रोहाना, 12 सितम्बर (बु.)।** रोहाना में बाननगर रेलवे फाटक के पास शनिवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मलीरा निवासी 27 वर्षीय विजय पुत्र चरण सिंह के रूप में हुई है। यह हादसा रेलवे के खंभा नंबर 131/19 के पास हुआ। मलीरा ग्राम प्रधान सुबोध ने बताया



कि विजय सुबह किसी काम से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी जान चली गई। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत रोहाना पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी मोहित कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण किया और जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बुढ़ाना में क्लीनिकों की भरमार, एक पर सील; बाकी पर कार्रवाई कब?

**बुढ़ाना, 12 सितम्बर (बु.)।** कस्बे और आसपास बिना पंजीकरण अथवा आवश्यक दस्तावेजों के क्लीनिक संचालित होने के आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की टीम ने कांधला रोड स्थित इसरार राणा के नाम से संचालित क्लीनिक पर छापा मारकर उसे सील कर दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रणव तेवतिया के अनुसार, जांच के दौरान क्लीनिक पर इसरार राणा की जगह कोई अन्य व्यक्ति मरीजों का उपचार करता मिला। टीम ने उससे चिकित्सकीय डिग्री और जरूरी दस्तावेज मांगे, लेकिन वह उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया। कार्रवाई के बाद अब सवाल यह है कि बुढ़ाना में सीएचसी और सदर बाजार के आसपास संचालित बताए जा रहे अन्य संदिग्ध क्लीनिकों पर विभाग की नजर कब जाएगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर लंबे समय से इस तरह की गतिविधियां चल रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, पूर्व में सील किए गए कुछ क्लीनिकों की सील बाद में हटने के आरोप भी सामने आते रहे हैं। ऐसे में इस कार्रवाई की निगरानी और आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी। सवाल यही है कि स्वास्थ्य विभाग सिर्फ एक-दो क्लीनिकों पर



सील लगाकर कार्रवाई पूरी करेगा या बुढ़ाना में संचालित सभी संदिग्ध क्लीनिकों की जांच कर नियमों के मुताबिक ठोस कार्रवाई करेगा?

## हवस की आग में एक और पति की मौत, बहनोई के साथ मिलकर तबस्सुम ने की राकिब की हत्या

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)।** हवस की आग में बहनोई के साथ मिलकर तबस्सुम ने अपने ही पति को नींद की गोलियां खिलाकर उसकी जान ले ली। पुलिस ने महिला और उसके बहनाई को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नशीली गोलियां व रेपर बरामद करने का दावा किया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक ने आज मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 8 सितंबर को राकिब के पिता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया था कि उनकी पुत्रवधु तबस्सुम द्वारा अपने आशिक राकिब के बहनोई शाहरुख के साथ मिलकर उनके पुत्र राकिब को नशीली दवाई दे दी तथा उपचार के दौरान राकिब की मृत्यु हो गयी। थाना रतनपुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु






पुलिस टीमों का गठन किया गया । पुलिस टीम द्वारा आज मामले में वांछित पत्नी तबस्सुम व उसके आशिक शाहरूख को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच अवैध संबंधों का पता राकिब को चल गया था। इसका विरोध करने पर उन्होंने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। उसे धोखे से बड़ी मात्रा में नशे की दवा खिलाकर उसकी जान ले ली। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से नशीली गोलियां व रेपर बरामद करने का दावा किया है। तबस्सुम पुत्री शकील ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा थाना रतनपुरी तथा शाहरूख पुत्र मतलूब निवासी ग्राम हमजा गढ़ थाना गंगोह जनपद सहारनपुर की निवासी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में जानसठ क्षेत्र की दो युवतियां लापता

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)।** जानसठ थाना क्षेत्र के राजपुर कलां गांव से दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। शनिवार को उनके परिजन और ग्रामीणों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर दोनों युवतियों की सकुशल बरामदगी की मांग की।

एक युवती के भाई पवन कुमार ने बताया कि गांव का ही एक युवक रात करीब एक बजे उसकी बहन को घर से अपने साथ ले गया। घर से नकदी और जेवरात भी गायब थे। परिवार ने युवती के अपहरण की आशंका जताई। साथ ही आरोपी पक्ष पर धमकी देने का आरोप लगाया। एक अन्य मामले में गांव निवासी सुनील कुमार ने पड़ोस के युवक पर उनकी बेटी को ले जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने मामले की शिकायत जानसठ थाने में की लेकिन कार्रवाई ना होने पर परिवार और ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने दोनों को जल्द सकुशल बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### शिव चौक पर खड़ी पुलिस जीप में जा घुसी स्कूटी, बाल-बाल बचा परिवार



**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)।** शहर के व्यस्तम शिव चौक पर शनिवार रात एक स्कूटी सवार परिवार अचानक नगर कोतवाली की खड़ी जीप से जा टकराया। टक्कर के बाद स्कूटी पुलिस जीप के हिस्से में फंस गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने मशक्कत कर स्कूटी को जीप से बाहर निकाला। इस दौरान नगर कोतवाल भी मौके पर मौजूद रहे। हादसे में स्कूटी सवार परिवार के किसी सदस्य को गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने स्कूटी निकालने के बाद परिवार को जाने दिया।

### शामली के चर्चित आयुष धर्मांतरण मामले में हाईकोर्ट ने दिए पेश करने के आदेश

**शामली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** शामली के चर्चित आयुष मलिक के धर्मांतरण मामले में आयुष के दोस्त की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उसे 16 सितंबर को अदालत के सामने पेश करने के आदेश दिए हैं। हालांकि आयुष के पिता ने ऐसे कोई आदेश मिलने की बात से इंकार किया है। शामली के दयानंद नगर निवासी देवराज मलिक ने 6 जून 2026 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए उनके बेटे आयुष मलिक को चांदनी कुरैशी नाम की युवती ने प्रेम जाल में फंसाकर उसका धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी जिम ट्रेनर चांदनी कुरैशी, उसके पिता इस्लाम कुरैशी और एक रिश्तेदार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। मामले में आयुष के दोस्त सुल्तान की ओर से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। याचिका में दावा किया गया है कि 31 वर्षीय आयुष मलिक ने बिना किसी दबाव या प्रलोभन के अपनी स्वतंत्र इच्छा से धर्म स्वीकार किया था। इसके बाद उसने पिता की मर्जी के खिलाफ चांदनी कुरैशी से शादी कर ली, जिससे नाराज होकर पिता ने शामली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। याचिकाकर्ता का आरोप है कि पुलिस और अधिकारियों से मिलीभगत करके पिता ने आयुष को अवैध रूप से घर में कैद कर रखा है और उसकी आजादी छीन ली है। सुल्तान का दावा है कि आयुष ने खुद उससे मदद की गुहार लगाई थी। न्यायमूर्ति संदीप जैन की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पिता देवराज सिंह मलिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने आरोपों को गंभीर मानते हुए कहा कि 16 सितंबर को अगर आयुष को पेश नहीं किया गया, तो पुलिस अधीक्षक और थानाध्यक्ष शामली को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करके वजह बतानी होगी। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ पिता देवराज मलिक का कहना है कि उन्हें अभी तक हाईकोर्ट की ओर से कोई आधिकारिक नोटिस नहीं मिला है।

### किन्नर मामले में पति बोला, नहीं दिया तीन तलाक, अब किन्नर से संबंध नहीं

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)।** तीन तलाक दे पत्नी को छोड़कर जोया नाम की ट्रांसजेंडर के साथ चले जाने के पत्नी के आरोपों के बाद ओडिशा में काम कर रहे तीन बच्चों के पिता ने शनिवार को वीडियो जारी कर इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा किन्नर जोया के साथ उसकी दोस्ती और पुराने संबंध जरूर थे, लेकिन दोनों करीब आठ महीने पहले ही अलग हो चुके हैं। उसने तीन तलाक देने के आरोप को भी गलत बताया। आर्यपुरी निवासी राबिया नामक महिला ने गत दिवस पुलिस कार्यालय पहुंचकर पति पर तीन तलाक देने और जोया के साथ चले जाने का आरोप लगाया था। पति इस्तखार बेग ने आज जारी वीडियो में कहा कि राबिया को उसके और जोया के संबंधों के बारे में पहले से जानकारी थी। जोया ने राबिया का ब्यूटी पार्लर खुलवाने में आर्थिक मदद की थी और काफी समय तक उसके खर्च भी उठाए थे। इस्तखार बेग ने कहा कि राबिया आज भी उसकी पत्नी है और वह उसके साथ ही रहना चाहता है। उसका दावा है कि दोनों के बीच विवाद हुए हैं, लेकिन उसने पत्नी को तलाक नहीं दिया। इस्तखार बेग ने यह भी दावा किया कि जोया से उसकी मुलाकात किसी बाहरी व्यक्ति के जरिए नहीं, बल्कि राबिया के भाई ने ही कराई थी। उसके अनुसार, इसी मुलाकात के बाद दोनों की दोस्ती हुई और बाद में उनके बीच प्रेम संबंध बने। जोया पहले किन्नर के रूप में पहचानी जाती थी, लेकिन बाद में उसने पांच लाख रुपए खर्च कर अपना जेंडर चेंज करा लिया और अब खुद को महिला बताती है। पति ने कहा कि राबिया ने जोया से जुड़े कुछ वीडियो वायरल किए थे। इसके बाद उसकी नौकरी चली गई। इसके चलते मुजफ्फरनगर में काम नहीं मिलने पर वह ओडिशा चला गया, जहां फिलहाल फल के गोदाम में काम कर रहा है। उसकी पत्नी राबिया दो गंभीर बीमारियों से जूझ रही है। राबिया के इलाज का खर्च भी जोया उठाती रही है। पति का कहना है कि राबिया की लगातार बढ़ती आर्थिक मांगों और बार-बार पैसे मांगने से परेशान होकर जोया ने करीब आठ महीने पहले उससे संबंध खत्म कर लिए थे।

### आकाश आनंद को सपा और कांग्रेस के बाद चंद्रशेखर ने दिया न्यौता

**लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी में नेशनल कोआर्डिनेटर रहे आकाश आनंद को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बाद अब आजाद समाज पार्टी के



शामिल होने का ऑफर मिला है। उत्तर प्रदेश में दलित वर्ग की सियासत का दायरा बढ़ता जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी के बाद अन्य दलों की निगाह भी इस बड़े वोट बैंक पर पड़ी। यूपी की दलित सियासत में शनिवार को बड़ा मोड़ उस समय आया जब बिजनौर के नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने आकाश आनंद को छोटा भाई बताते हुए आजाद समाज पार्टी में आने का खुला ऑफर दिया। चंद्रशेखर ने कहा कि आकाश भले ही मंचों से मेरी आलोचना करते रहे, लेकिन मेरे दिल में उनके लिए हमेशा स्नेह रहा है। उन्होंने आकाश को युवा और क्षमतावान नेता बताया है।चंद्रशेखर का कहना है कि उनके और आकाश के बीच भले ही राजनीतिक मतभेद हो रहे हों, लेकिन उनके मन में आकाश के लिए कोई बुरा भाव नहीं है। उन्होंने कहा है कि दोनों साथ मिलकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और उनके अधूरे काम को आगे बढ़ा सकते हैं।

### मायावती भतीजी दीपिका को सौंपेंगी कमान

**लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती अपनी भतीजी दीपिका आनंद को पार्टी की कमान सौंप सकती हैं। शनिवार को उन्होंने इसका संकेत दिया। कहा- अगर भाई आनंद कुमार को मदद के लिए किसी सदस्य की जरूरत पड़ती है, तो वह अपनी इकलौती बेटी दीपिका आनंद की मदद ले सकते हैं। उनकी ईमानदारी और कार्यक्षमता के आधार पर भविष्य में पार्टी में जिम्मेदारी दी जा सकती है। 19 साल की दीपिका फिलहाल वकालत की पढ़ाई कर रही हैं। मायावती ने यह भी साफ किया कि दोनों भतीजों आकाश और ईशान को पार्टी में कोई राजनीतिक पद नहीं मिलेगा। भविष्य में उनके बच्चों को भी कोई पद नहीं दिया जाएगा।



### तीन हजार की रिश्वत की आरोपी जिला अस्पताल की नर्स सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)।** जिला चिकित्सालय के आपातकालीन वार्ड में भर्ती मरीज को रेफर कराने के नाम पर तीन हजार रुपये लेने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपी स्टाफ नर्स को निलंबित कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने उसके विरुद्ध जांच के निर्देश जारी किए। बताया गया है कि हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें स्टाफ नर्स को पैसे मांगते दिखाया गया था। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ दिन पहले हुई मारपीट की घटना के बाद सत्यम नाम के एक मरीज को भर्ती कराया गया था। मरीज के कान के आसपास भी चोट थी। मरीज को जिला चिकित्सालय के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया था जिसका मेडिकोलीगल हुआ था। मरीज को कान में गंभीर चोट दर्शाकर तीमारदारों की ओर से हायर सेंटर रेफर कराने के लिए ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स पूजा पर मरीज के तीमारदारों से पांच हजार रुपये की मांग की बात कही गई थी। सौदेबाजी के बाद दोनों पक्ष में तीन हजार रुपये पर सहमति बनी। इसके साथ वीडियो में नर्स की ओर से कोर्ट में गवाही दिए जाने की भी बात भी कही गई। वीडियो में नर्स कैमरे के



सामने ही रुपये लेते नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने के बाद जिला चिकित्सालय के सीएमएस ने मामले की जांच शुरू कराते हुए सीएमओ कार्यालय को रिपोर्ट भेज दी। सीएमएस ने बताया कि आरोपी नर्स एनएचएम से है। इसलिए सीएमओ को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी गई है।

#### पहले भी घूस लेने के आरोप में घिरी है नर्स

**मुजफ्फरनगर।** एनएचएम की नर्स पूजा कुछ माह पहले पूजा महिला चिकित्सालय में तैनात थी। महिला चिकित्सालय का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें भी नर्स पर पैसे लेने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद आरोपी नर्स को वहां से हटाकर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया था। सीएमओ ने बताया कि एनएचएम में संविदा पर कार्यरत नर्स पूजा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उसके मामले में जांच के लिए समिति गठित की गई है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही नियमानुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# लॉरेंस बिश्नोई की पत्नी बताने वाली महिला गिरफ्तार

## – जयपुर से पकड़ी गई बाउंसर; जाट महासभा नेता और यू-ट्यूबर को दी थी धमकी



**शामली, 12 सितम्बर (एजेंसी)।** शामली में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई की पत्नी बताने वाली एक महिला बाउंसर को जयपुर से गिरफ्तार किया है। महिला पर अखिल भारतीय जाट महासभा के युवा जिलाध्यक्ष मुकुल चौधरी और यू-ट्यूबर नीरज को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, महिला ने फोन पर दोनों को धमकी दी थी। पुलिस ने उसके कब्जे से धमकी देने में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद किया है। मामला हरियाणवी गायक अंकित बालियान की तेरहवीं के दौरान शुरू हुआ था। अंकित बालियान की हत्या के बाद मुकुल चौधरी और नीरज ने लॉरेंस बिश्नोई और गोगी गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस के मुताबिक, इसी बात से महिला नाराज हो गई थी। महिला ने सोशल मीडिया पर नीरज का वीडियो देखा था। पुलिस के अनुसार, वीडियो में मुकुल द्वारा लॉरेंस के बारे में कथित तौर पर अपशब्द कहे जाने से महिला नाराज हुई। इसके बाद उसने सोशल मीडिया के जरिए नीरज का मोबाइल नंबर हासिल किया। पुलिस के मुताबिक, महिला ने नीरज और मुकुल को फोन किया। उसने लॉरेंस के बारे में कुछ भी कहने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी। 9 सितंबर को मुकुल चौधरी ने एसपी को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाली महिला ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई की पत्नी बताया और धमकी दी। एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, जांच में धमकी देने वाली महिला की पहचान बिंदु देवी के रूप में हुई। वह मूल रूप से बिहार के बक्सर की रहने वाली है। फिलहाल जयपुर के विजयनगर में रह रही थी। पुलिस ने उसे जयपुर के करतारपुरा से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, बिंदु देवी मॉल समेत अन्य जगहों पर बाउंसर का काम करती थी। उसके चार बेटियां और एक बेटा हैं। पति से करीब 8 साल पहले तलाक हो चुका है। पुलिस पूछताछ में बिंदु देवी ने बताया कि तलाक के बाद से वह लॉरेंस बिश्नोई को अपना पति मानती है। उसने यह भी कहा कि वह आज तक लॉरेंस से नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने कहा कि अगर कोई लॉरेंस के बारे में गलत बोलेगा तो वह उसका बदला लेगी। महिला ने अपने हाथ पर लॉरेंस बिश्नोई का नाम भी लिखवा रखा है। पूछताछ के दौरान महिला लॉरेंस का बचाव करती रही। उसका कहना था कि अगर लॉरेंस ने अपराध किया है तो पुलिस उसे सजा दे। लेकिन किसी को उसके बारे में गलत बोलने का अधिकार नहीं है। पुलिस अब धमकी देने में इस्तेमाल मोबाइल, सोशल मीडिया संपर्क और महिला द्वारा किए गए फोन कॉल की भी जांच कर रही है।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


# चीनी राष्ट्रपति 7 साल बाद भारत आए, मोदी-जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक




**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। भारत मंडपम में बैठक के दौरान मोदी ने कहा, मैं भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान चीन से मिले समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। अब हमारे पास द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने का अवसर है। एक बार फिर, आपका भारत में हार्दिक स्वागत है। जिनपिंग करीब 7 साल बाद भारत आए हैं। गलवान झड़प के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। जिनपिंग के भारत पहुंचने से पहले चीन ने स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि हम भारत के साथ बातचीत बढ़ाकर और आपसी मतभेदों को सुलझाकर काम करने के लिए तैयार हैं। जिनपिंग इससे पहले 11 अक्टूबर 2019 को भारत आए थे। 15 जून 2020 को गलवान झड़प हुई थी। इसके बाद भारत-चीन रिश्तों में तनाव बढ़ा, लेकिन कारोबार नहीं रुका। 2020-21 में चीन से भारत का आयात करीब 65 अरब डॉलर था, जो 2025-26 में बढ़कर 132 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया। यानी गलवान झड़प के बाद चीन से आयात दोगुना हो गया है।

# मुजफ्फरनगर में बनेगा 500 तरह के रायते का रिकॉर्ड, देशभर से आयेंगे शेफ

## महिला शक्ति कर रही कार्यक्रम का नेतृत्व



**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)।** भारतीय खान-पान की समृद्ध विविधता और पारंपरिक स्वाद को एक नया वैश्विक मंच देने के उद्देश्य से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर शहर में वर्ष का सबसे बड़ा पाक कला आयोजन होने जा रहा है। केएमसीसी एवं फ्लेवर्स ऑफ होमसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 21 सितंबर 2026 को एक भव्य और अनोखा रायता महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देशभर से 100 से अधिक नामचीन शेफ, फूड इन्फ्लुएंसर और फूड क्रिएटर्स एक साथ शिरकत करेंगे। आयोजन का मुख्य आकर्षण एक ही स्थान पर भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक व आधुनिक रेसिपीज से तैयार किए जाने वाले 500 अलग-अलग प्रकार के रायते होंगे। इसमें जज की भूमिका लंदन बुक आफ रिकार्ड के अंतराष्ट्रीय चेयरमैन डा. अविनाश धनंजय सुकनडे निभाएंगे।

इस विशाल आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए फूड इंडस्ट्री से जुड़ी अनुभवी हस्तियों की एक विशेष आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें महिलाएं समिति का नेतृत्व कर रही है। इसमें सेलिब्रिटी मास्टरशेफ कविता सिंह, प्रोफेसर दीपा चावला, वर्षा गर्ग, शेफ पारुल अग्रवाल और लाड्डी कौर मुख्य रूप से शामिल हैं। यह समिति प्रतिभागियों के समन्वय से लेकर तैयारियों की देखरेख का जिम्मा संभाल रही है। आयोजन समिति के अनुसार यह प्रयास केवल एक रिकॉर्ड कायम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और समृद्ध पाक विरासत को दुनिया के सामने नए अंदाज में प्रस्तुत करने की एक अनूठी पहल है।

## लंदन बुक और रिकार्ड बनाना लक्ष्य

**मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)।** कार्यक्रम आयोजन की समंव्यक वर्षा गर्ग ने बताया यह कार्यक्रम मुजफ्फरनगर के होटल ओमेगा में 21 सितंबर को होगा। हमारा प्राथमिक लक्ष्य इस अनोखी पहल के जरिए लंदन बुक ऑफ रिकॉर्डर्स में एक नया विश्व रिकॉर्ड दर्ज कराना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के अलग-अलग कोनों से आने वाले शेफ अपनी-अपनी क्षेत्रीय संस्कृति, मसालों और पाक कला की अनूठी झलक पेश करेंगे। हर राज्य के स्वाद और पारंपरिक सामग्री के मिश्रण से तैयार होने वाले इन रायतों में भारतीय पाक परंपरा का विशेष तड़का देखने को मिलेगा।

# हाफिज सईद के नाम 2 महीने में दूसरा गैर-जमानती वारंट

**नई दिल्ली, 12 सितम्बर (बु.)।** हाफिज सईद को पाकिस्तान में कुल 7 मामलों में 78 साल की जेल काटने की सजा सुनाई गई है। जम्मू की एक स्पेशल एनआईए कोर्ट ने लश्कर-ए-तैयबा के चीफ और घोषित आतंकवादी हाफिज मोहम्मद सईद के खिलाफ नया गैर-जमानती वारंट जारी किया है। उस पर घाटी में सक्रिय आतंकवादियों को हथियार, फंड और निर्देश देने का आरोप है। जम्मू एनआईए कोर्ट द्वारा सईद के खिलाफ दो महीने से भी कम समय में जारी किया गया यह दूसरा गैर-जमानती वारंट है। वारंट को ठक्ख जम्मू के डीआईजी को भेजा गया है, ताकि कानून के मुताबिक इसे लागू कराया जा सके। यह वारंट जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों को पर हथियार और दूसरी मदद पहुंचाने से जुड़े मामले की जांच के दौरान जारी किया गया है।

# ड्रोन हमले के बाद सऊदी ने तेल पाइपलाइन बंद की

## – होर्मुज बंद होने के बाद इसी से रोजाना 50 लाख बैरल तेल भेज रहा था

**रियाद, 12 सितम्बर (एजेंसी)।** सऊदी अरब ने ड्रोन हमले के बाद अपनी ईस्ट-वेस्ट तेल पाइपलाइन बंद कर दी है। गुरूवार को हुए ड्रोन हमले में पाइपलाइन से जुड़े पंपिंग स्टेशनों में आग लग गई और कुछ लोग घायल हुए।

ईरान जंग के चलते होर्मुज बंद होने के बाद सऊदी इसी पाइपलाइन से रोजाना करीब 50 लाख बैरल तेल भेज रहा था। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पाइपलाइन पर गुरुवार को कई हमले हुए थे।

मंत्रालय की टीमें पाइपलाइन को सुरक्षित करने और नुकसान का पता लगाने में जुटी हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये हमले किसने किए। अब तक किसी भी देश या संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।













1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## वैश्विक मंच पर ब्रिक्स की अलग पहचान

नयी दिल्ली के भारत मंडपम में कल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यह समूह किसी के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा पिछले 20 वर्षों में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हम एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और आम सहमति के साथ आगे बढ़ते हैं। हम किसी के विरुद्ध नहीं बल्कि सबको साथ लेकर चलने की सोच के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपनी एकता और सहमति को वैश्विक मंच पर ठोस नतीजों में बदलें। उन्होंने वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार के लिए 10 सूत्रीय रोडमैप का प्रस्ताव रखा। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए ग्लोबल साउथ को केवल नियमों का पालन करने वाला नहीं, बल्कि नियम बनाने वाला भी बनना होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार अब और प्रतीक्षा नहीं कर सकते। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि आज ग्लोबल साउथ वैश्विक संकटों की पहली पंक्ति में खड़ा है, लेकिन निर्णय लेने की प्रक्रिया में उसकी जगह पीछे है। हमें इस विशेषाधिकार वाले पिरामिड को साझेदारी के मंच में बदलना होगा, जहां हर देश की आवाज हो, हर सदस्य की भागीदारी हो और मानवता का विकास हर प्रयास के केंद्र में हो। मोदी ने यह बात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मलेशिया के प्रधानमन्त्री अनवर इब्राहिम और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की मौजूदगी में कही। मोदी ने कहा कि दुनिया में फैसले लेने की मौजूदा व्यवस्था ऐसी है, जिसमें ताकत और फैसले कुछ देशों के हाथ में ज्यादा है, जबकि कई देश उन फैसलों से प्रभावित होते हैं, लेकिन उन्हें अपनी बात रखने का मौका कम मिलता है। माना जा रहा है कि प्रधानमन्त्री का इशारा अमेरिका की ओर था। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स अब एक ऐसे दौर में पहुंच गया है, जहां उसे ज्यादा जिम्मेदारी और समझदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश एक-दूसरे की सोच और नजरिए का सम्मान करते हैं और आपसी सहमति से आगे बढ़ते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अब ब्रिक्स की एकता और सहमति को दुनिया के सामने ठोस काम और नतीजों में बदलने का समय आ गया है। उन्होंने भारत की अध्यक्षता में मिले सहयोग के लिए सभी सदस्य देशों का धन्यवाद भी किया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि ब्रिक्स देशों को इतिहास के सही पक्ष में मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए शी जिनपिंग के दिए संबोधन के बारे में जानकारी दी। पोस्ट के मुताबिक, जिनपिंग ने कहा है कि ब्रिक्स देशों को अपने समय का अग्रदूत बनने का प्रयास करना चाहिए। सात साल बाद भारत आए जिनपिंग का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब दुनिया दो युद्धों के बीच फंसी हुई है। एक ओर, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है और दूसरी ओर ईरान के खिलाफ अमेरिका और इसराइल मिलकर लड़ रहे हैं, बदले में ईरान की ओर से खाड़ी क्षेत्र के देशों के अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए जा रहे हैं, जब जिनपिंग यह बयान दे रहे थे, तो सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान भी मौजूद थे। जिनपिंग ने जोर देकर कहा कि ब्रिक्स देशों को वैश्विक शांति और स्थिरता बनाए रखने में भी नेतृत्वकारी भूमिका निबाहनी चाहिए। उन्होंने विभिन्न सभ्यताओं के बीच संवाद, आपसी सीख और समझ को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रिक्स को वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार और उसे अधिक न्यायसंगत एवं प्रभावी बनाने का नेतृत्व भी करना चाहिए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर दुनिया भर के मीडिया की नजर है। भारत चौथी बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। चीन के अखबार बहुत कुछ लिख रहे हैं। ग्लोबल टाइम्स ने, ब्रिक्स के 20 साल, दुनिया चीन के विजन को सुनने के लिए उत्सुक है शीर्षक से लेख प्रकाशित किया है। इसमें टिप्पणी की गई है कि दुनिया जितनी अधिक उथल-पुथल और बदलाव से गुजरती है, ब्रिक्स सहयोग की अनूठी अहमियत उतनी ही स्पष्ट होती जाती है। जैसे-जैसे ब्रिक्स में जरूरी सुधार हो रहा है और इसकी क्षमता बढ़ रही है यह भरोसा बढ़ रहा है कि ब्रिक्स सहयोग में बहुत बड़ी संभावनाएं हैं और इसके देशों का भविष्य उज्ज्वल है। चाइना डेली ने अपनी एक खबर में लिखा, शनिवार से रविवार तक, शी भारत के नयी दिल्ली में 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 में शामिल होंगे। इस दौरान वह व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च गुणवत्ता वाले विकास की दिशा तय करने के लिए प्रमुख चीनी प्रस्ताव और पहल पेश करेंगे। चाइना डेली ने चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग के एक बयान का ज़िक्र किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि चीन सभी ब्रिक्स पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार है, ताकि व्यापक सहयोग लगातार आगे बढ़ता रहे और मानवता के साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण में योगदान दिया जा सके। ब्रिक्स देश अलग-अलग क्षेत्रों में हैं। उनका इतिहास, संस्कृति और विकास के रास्ते अलग हैं, फिर भी वे विकास, रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक शासन में सुधार की साझा आकांक्षाओं को लेकर एक साथ आए हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ईरान ने एक ऐसा मुद्दा छेड़ दिया है, जो अमेरिका और खासकर उसके मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की राजनीति को बहुत ही ज्यादा चुभ सकता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के साथ वहां के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी दिल्ली आए हैं और उन्होंने सिंगल करेंसी पर विचार की बात करके ट्रम्प की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने जब से दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभाला है, वह लगातार दावा करते आ रहे हैं कि ब्रिक्स या ग्लोबल साउथ वाले देश अमेरिकी डॉलर के खिलाफ साजिशें रच रहे हैं। 2025 में जब ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में क्रॉस बॉर्डर पेमेंट सिस्टम पर विचार के लिए ब्रिक्स पेमेंट टास्क फोर्स बनाया गया, तो ट्रम्प चिढ़ गये थे।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'राजा' 'जिन्दगी' 'सदकर्म' 'राजनीति'

कहती है बार-बार ही राजा की जिन्दगी,
ये राजनीति पापियों के वास्ते नहीं।
राजा ही साफ करते हैं,सदकर्म से यही,
ये राजनीति पापियों के वास्ते नहीं।


2 DRIVER REQUIRED /
2 ड्राइवर की आवश्यकता

Job / कार्य:
Automatic &
Semi Automatic Car
ऑटोमेटिक एण्ड सेमी ऑटोमेटिक कार

Location / स्थानः
Muzaffarnagar (Vehlana Chowk, Meerut Road)
(मुजफ्फरनगर - वहलना चौक, मेरठ रोड)

Salary / वेतनः
Attractive Salary + Incentives
(आकर्षक वेतन + इंसेंटिव)

Requirements / आवश्यकताएँ:
• वैध ड्राइविंग लाइसेंस
• Experience 5+ years
5+ वर्ष का अनुभव
• Knowledge of local routes
स्थानीय मार्गों का ज्ञान
• Punctual and Honest
समयनिष्ठ और ईमानदार
• Mature, Responsible & Experienced Driver
समझदार, ज़िम्मेदार और अनुभवी ड्राइवर को प्राथमिकता

Contact / संपर्कः
Call / WhatsApp:
7520 071 384


## बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) लि0, बिरालसी

विकास खण्ड चरथावल (मुजफ्फरनगर)

### सूचना

श्री प्रवीण कुमार
निलम्बित सहायक आंकिक
बी-पैक्स समिति बिरालसी
विकास खण्ड-चरथावल, मुजफ्फरनगर।

प्रबन्ध कमेटी की बैठक दिनांक 27-07-2026 को लिये गये निर्णय के क्रम में सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 21/09/2026 की बैठक में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके प्रकरण पर गुण- दोष के आधार पर निर्णय ले लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सचिव
बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण
सहकारी समिति लि0 बी0-पैक्स
बिरालसी, विकास खण्ड- चरथावल
मुजफ्फरनगर

## इजराइली पीएम के मेकअप पर 4 करोड़ खर्च

तेल अवीव, 12 सितम्बर (एजेंसी)। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अपने बालों का रंग बदलते रहते हैं। इजराइल में प्रधानमंत्री के बालों की स्टाइलिंग और मेकअप पर 2019 से अगस्त 2026 तक करीब 4.7 लाख डॉलर यानी लगभग 4 करोड़ रुपए खर्च हुए। इसका खुलासा सूचना के अधिकार के तहत मिले सरकारी रिकॉर्ड से हुआ है। दिसंबर 2025 में वकील यारा शलित ने पीएम ऑफिस से इस खर्च की जानकारी मांगी थी। इसके बाद अलग-अलग साल और महीनों में हुए खर्च का ब्योरा जारी किया गया। इस दौरान पिछले 7 साल में तीन प्रधानमंत्री रहे- बेंजामिन नेतन्याहू, नफ्ताली बेनेट और याइर लैपिड। रिकॉर्ड के मुताबिक, बाल और मेकअप पर हुए कुल खर्च का करीब 90% हिस्सा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा पर हुआ। हालांकि, कई दस्तावेजों में उनके हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट के नाम छिपा दिए गए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसके लिए राज्य की सुरक्षा का हवाला दिया।

# गणपति धाम की ओर से गणपति जन्मोत्सव का होगा भव्य आयोजन

### 14 सितंबर को निकाली जाएगी गणपति की भव्य शोभायात्रा

मुजफ्फरनगर,12 सितंबर (बु.)। गणपति खाटू श्याम धाम की ओर से भगवान श्री गणपति का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। नई मंडी भरतिया कॉलोनी स्थित गणपति खाटू धाम मंदिर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंदिर परिवार के संरक्षक भीमसेन कंसल व मंत्री अनिल गोयल ने संयुक्त रूप से 14 से 24 सितंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के दौरान भगवान गणपति का नयनाभिराम स्वर्ण श्रृंगार, 56 भोग और रजत पालना विशेष आकर्षण होंगे। मंदिर परिसर को फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि पूरे उत्सव के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सोमवार 14 सितंबर को सुबह 10 बजे भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर परंपरागत मार्ग से नवीन मंडी स्थित गुड़ मंडी, राजबाहा रोड, मुनीम कॉलोनी, नई मंडी बड़े डाकखाने के सामने, गौशाला रोड, पीठ बाजार, बिंदल बाजार, वकील रोड, चौड़ी गली, भोपा पुल, नई मंडी बिजलीघर सहित निर्धारित मार्गों से होकर वापस मंदिर पहुंचेगी। आयोजकों के अनुसार शोभायात्रा में भगवान श्री गणपति का स्वर्ण रथ मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके अलावा भगवान श्री खाटू श्याम जी का विशाल रथ, 12 झांकियां, चार बैंड, दो ढोल-ताशे, दो रथ, दो आतिशबाजी, दो डीजे और दो टेंपो यात्रा में शामिल रहेंगे। देशभक्ति, महाकाल, हरसिद्धि माता और विराट रूप से जुड़ी झांकियों को भी विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। शोभायात्रा के मार्ग को तोरणद्वारों और झंडों से सजाया जाएगा। 14 सितंबर की शोभायात्रा के बाद 15 सितंबर को राधा नाम कीर्तन, 16 सितंबर को श्री राम संकीर्तन और 17 सितंबर को ताली कीर्तन होगा। 18 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और 19 सितंबर को श्री राधाष्टमी उत्सव आयोजित किया जाएगा। 20 सितंबर को श्री सुंदरकांड पाठ होगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 21 सितंबर को देशभक्ति एवं भक्तिरस कार्यक्रम और 22 सितंबर को एकादशी संकीर्तन होगा। 23 सितंबर को शाम 4 बजे पूर्णाहुंति होगी। इसके बाद 24 सितंबर को भगवान श्री गणपति का विसर्जन हरिद्वार के सर्वानन्द घाट पर भंडारे के साथ किया जाएगा। मंदिर परिवार ने गणपति उत्सव को सद्भावना और सामाजिक एकता से जोड़ते हुए लोगों से इसमें शामिल होने की अपील करने के साथ नगर पालिका परिषद से शोभायात्रा के मार्ग पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।



## इस बार रात में चलने वाली भाकियू पंचायत में तैयार होगी रणनीति



मुजफ्फरनगर,12 सितंबर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) इस बार किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी पंचायत दिन के बजाय रात में कर रही है। भाकियू प्रवक्ता और किसान नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को घोषणा की कि 17 सितंबर की रात राजकीय मैदान में किसान पंचायत होगी। इसमें किसानों की तमाम समस्याओं पर विचार किया जाएगा। राकेश टिकैत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं, किसानों की मांगों और उनके समाधान को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही इन मुद्दों पर आगे की रणनीति पर भी मंथन होगा। पंचायत में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। पंचायत रात करीब 11 बजे तक चलेगी। इसके बाद कार्यक्रम के दूसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अलग-अलग प्रदेशों से कलाकारों को बुलाया गया है। इसमें रागिनी और आल्हा गायन के साथ पंजाबी सिंगर भी प्रस्तुति देंगे। किसान नेताओं के मुताबिक, इस बार किसान पंचायत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत में किसानों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। इनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, गन्ने के रेट और आलू की खेती से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से विचार कर आगे की रणनीति तय करने की तैयारी है।

## पहली बार महिलाओं की ओर से 16 से 23 सितंबर तक श्रीमद्भागवत कथा



मुजफ्फरनगर,12 सितंबर (बु.)। नगर की श्रद्धालु महिलाओं की ओर से पहली बार अनूठे अंदाज में कथा व्यास हिमेश शास्त्री जी महाराज जी की श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 16 से 23 सितंबर तक आशीर्वाद बैंकट हॉल में किया जा रहा है। कथा का वाचन करेंगे। आयोजन की जानकारी शनिवार अपराह्न करीब 3 बजे श्री गणेश धाम मंदिर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई। आयोजकों ने बताया कि कथा के पहले दिन 16 सितंबर को सुबह 8:30 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शिव दुर्गा मंदिर, लक्ष्मण विहार से शुरू होकर कथा स्थल आशीर्वाद बैंकट हॉल पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शुरू होगी। पहले दिन श्रीमद्भागवत महात्म्य, राजा परीक्षित को श्राप और शुकदेव जी के आगमन की कथा होगी। इसी दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का विशेष आयोजन भी किया जाएगा। 17 सितंबर को श्री शुक-परीक्षित चरित्र, मनु-कर्दम चरित्र, वराह अवतार और कपिलोपदेश का वर्णन होगा। 18 सितंबर को सती चरित्र, ध्रुवाख्यान, जड़ भरत चरित्र, अजामिलोद्धार और नृसिंह अवतार की कथा होगी। 19 सितंबर को गजेंद्र मोक्ष और वामन अवतार के साथ श्रीराम चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और नंदोत्सव का आयोजन होगा। इसके अगले दिन 20 सितंबर को श्रीकृष्ण बाललीला, गोवर्धन लीला, छप्पन भोग और अन्नकूट महोत्सव होगा। 21 सितंबर को रासलीला और श्रीकृष्ण-रुक्मणी मंगल विवाह का आयोजन होगा। वहीं 22 सितंबर को सुदामा चरित्र, भागवत धर्म, उद्धवोपदेश और श्रीमद्भागवत कथा सार के साथ कथा का समापन होगा। आयोजन के अंतिम दिन 23 सितंबर को हवन, प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। कथा व्यास हिमेश शास्त्री जी महाराज श्रीमद्भागवत कथा और श्रीराम कथा के वाचन के लिए जाने जाते हैं। आयोजकों के अनुसार उनके प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान, भक्ति और जीवन में नैतिक मूल्यों का संदेश दिया जाता है। उनकी कथाओं का प्रसारण साधना टीवी सहित विभिन्न माध्यमों पर भी किया जाता रहा है। इस कथा को लेकर आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। आयोजन की शुरूआत मंगल कलश यात्रा के साथ होगी और आठ दिवसीय कथा के दौरान अलग-अलग प्रसंगों के माध्यम से भगवान कृष्ण और अन्य धार्मिक चरित्रों की कथाओं का वाचन किया जाएगा।

## आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में वैदिक फिजिक्स सेमिनार का भव्य एवं ज्ञानवर्धक आयोजन



मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)। आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में वैदिक फिजिक्स सेमिनार का भव्य एवं ज्ञानवर्धक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भारतीय वैदिक ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक भौतिक विज्ञान के वैज्ञानिक संबंधों से परिचित कराना और उनमें वैज्ञानिक सोच एवं शोध की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष शिव कुमार ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. रणवीर सिंह रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि भारतीय वैदिक ज्ञान विश्व को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। उन्होंने इस ज्ञानवर्धक सेमिनार के आयोजन के लिए सहोदय कॉम्प्लैक्स का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक (संस्थापक एवं अध्यक्ष, वैदिक एंड मॉडर्न फिजिक्स रिसर्च सेंटर, भीनमाल, राजस्थान) ने वैदिक ग्रंथों में वर्णित पदार्थ, ऊर्जा, अंतरिक्ष, समय और चेतना से जुड़े वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं वैदिक एंड मॉडर्न फिजिक्स रिसर्च सेंटर के प्राचार्य विशाल आर्य ने प्राचीन भारतीय चिंतन और आधुनिक भौतिक विज्ञान के बीच संबंधों को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस सेमिनार में मुजफ्फरनगर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 225 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने वैदिक फिजिक्स से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। प्रधानाचार्य एवं वक्ताओं ने विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का विस्तारपूर्वक समाधान किया एवम उनकी उनकी जिज्ञासाओं का सरल एवं वैज्ञानिक ढंग से निवारण किया। विद्यालय के प्रबंधक महोदय ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक अभिवादन करते हुए कार्यक्रम में सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि आचार्य अग्निव्रत नैष्ठिक का यूट्यूब चैनल विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है, जहाँ वैदिक फिजिक्स से संबंधित अध्ययन सामग्री, पुस्तकें एवं उनकी स्टेशनरी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि विद्यालय पूर्ण प्रयास करेगा कि अगले शैक्षणिक सत्र से आचार्य जी की पुस्तक को विद्यालय के पाठ्यक्रम (सिलेबस) में सम्मिलित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को वैदिक फिजिक्स का व्यवस्थित अध्ययन करने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक सुघोष आर्य एवम प्रधानाचार्या सोनिका आर्य के द्वारा मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं सभी वक्ताओं का सम्मान कर उनका आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किये। यह सेमिनार सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक विज्ञान के समन्वय को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## मेरठ के होटल में लगी आग से मची अफरातफरी

मेरठ, 12 सितम्बर (एजेंसी)। परतापुर इलाके में अविका होटल में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। पार्किंग से शुरू हुई आग देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और होटल तक पहुंच गई। आग ने एक के बाद एक होटल के 12 कमरों को चपेट में ले लिया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लपटें बगल के इंडियन बैंक तक पहुंचने लगीं तो वहां भी अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मी ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग लगने की घटना सुबह 11.30 बजे की है।

उस वक्त होटल में कुछ कर्मचारी ही थे। आग के कमरों तक पहुंचने से पहले वह भागकर बाहर निकल आए।आग से होटल का लग्जरी सामान और पार्किंग में खड़ी दो कारें जल गईं। शुरूआती जांच के आधार पर आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने आग बुझने के बाद पूरे होटल की चेकिंग की। परतापुर थानाक्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित अविका होटल एडवोकेट अरविंद भाटी का है। उन्होंने होटल कुमारी नंदवानी उर्फ बंटी को किराए पर दिया हुआ है। शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे होटल की पार्किंग में अचानक से आग लग गई। शुरूआत में आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों तक पहुंची। वहां खड़ी ईऑन और ब्रेजा कार आग की चपेट में आ गईं और दोनों जल गईं। इसके बाद पार्किंग में लगी आग तेजी से फैलने लगी। ग्राउंड फ्लोर पर बने पार्टी हॉल सहित आग की लपटें पहले फ्लोर तक पहुंच गईं। आग ने देखते ही देखते पूरे होटल को अपनी चपेट में ले लिया। होटल के सभी 12 कमरे और अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें और धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान होटल से सटी इंडियन बैंक की शाखा की तरफ भी आग की लपटें बढ़ने लगीं। लपटें बैंक तक पहुंचने से वहां भी अफरा-तफरी मच गई। आग को बैंक की तरफ फैलने से रोकना दमकलकर्मियों के लिए भी चुनौती बन गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

## जूनियर कबड्डी टीम का पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने बढ़ाया हौसला



मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने अपने आवास पर मुजफ्फरनगर की जूनियर बालक कबड्डी टीम का स्वागत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शामली में आयोजित होने वाली स्टेट चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने जा रही टीम के खिलाड़ियों को कबड्डी किट और बैग प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मुजफ्फरनगर की जूनियर बालक कबड्डी टीम ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। टीम ने 7 सितंबर को फिरोजाबाद में आयोजित यूपी जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप जोन-ए में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के बाद टीम का चयन स्टेट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। खिलाड़ियों की इस सफलता से खेल प्रेमियों और टीम से जुड़े पदाधिकारियों में उत्साह है। स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजीव बालियान ने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनकी तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खेलों में अनुशासन, मेहनत और निरंतर अभ्यास सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों से आगामी प्रतियोगिता में पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने और बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक बालियान, टीम के कोच राहुल बालियान और मैनेजर नीरज बालियान मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए स्टेट चैंपियनशिप में टीम के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।


FOR- JOB/ VACANCY
(Timing- 10AM to 6 PM)
Criteria For Account, Marketing & Office Work
• Experience : 2 Years (Min.)
• Salary : 15,000 to 40,000 (As per Exp. & Skills)
• Qualification : Graduation (Min.)
• Office Work : Preference - Retired Person & Ladies
Address :- Behind I.T.I, Meerut Road, Muzaffarnagar
Whatsapp/ Calling No.: 9837027925

मकान बिकाऊ है
एक मकान नं. 216-217, सिविल लाइन दक्षिणी, मुजफ्फरनगर बुलेटिन प्रेस वाली गली में, निकट झाँसी की रानी, जो लगभग 175 गज में 2 मंजिल बना हुआ है, व्यापार हेतु उत्तम है।
सुरेश चन्द अग्रवाल
M.9837060012


## सड़क किनारे खड़े ट्रक से दो बैटरियां चोरी, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी

भोपा, 12 सितम्बर (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला में चोरों के हौसले बुलंद हैं। शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से दो बैटरियां चोरी कर ली और फरार हो गए। घटना से ट्रक मालिकों में दहशत है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। पुलिस घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी तरीकत का ट्रक गांव के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। रोज की तरह वह शुक्रवार शाम ट्रक खड़ा कर घर चला गया था। शनिवार सुबह जब वह ट्रक के पास पहुंचा, तो देखा कि ट्रक का बैटरी बॉक्स खुला हुआ था और दोनों बैटरियां गायब थीं। पीड़ित तरीकत ने बताया कि दोनों बैटरियों की कीमत करीब 25 हजार रुपये है। चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दे गए। घटना की सूचना पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। पीड़ित से घटना के बारे में पूछताछ की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है, जल्द ही चोरों का पता लगाया जाएगा।

## वृद्ध महिला ने दी खुदकुशी की चेतावनी

जानसठ, 12 सितम्बर (बु.)। कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना दिवस में 60 वर्षीया महिला ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी। गांव भलेड़ी निवासी जमीला ने सीओ ऋषिका सिंह को शिकायती-पत्र सौंपकर आपबीती सुनाई। महिला ने बताया कि उनकी कोई सगी औलाद नहीं है, जिसके कारण उन्होंने अपने जेठ के बेटे को गोद लिया था। उन्होंने उसका निकाह मंसूरपुर थानाक्षेत्र के गांव जोहरा में कराया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पुत्रवधु उन पर लगातार मानसिक और शारीरिक अत्याचार कर रही है। उनका गोद लिया बेटा भी अपनी पत्नी का ही साथ देता है। पीड़ित महिला ने बताया कि पुत्रवधु के उत्पीड़न के कारण वह और उनके पति कई-कई दिनों तक खाना भी नहीं खा पाते हैं। उन्होंने इससे पहले भी संपूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस में कई बार न्याय की गुहार लगाई, लेकिन आज तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। महिला ने सीओ को चेतावनी दी कि यदि इस बार भी उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे मजबूर होकर आत्महत्या कर लेंगे। सीओ ऋषिका सिंह ने पुलिस को तुरंत मौके पर जाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गांव तालड़ा निवासी किसान बलबीर ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी किसान ने उनके खेत की मेढ़ काट ली है। इस मामले पर सीओ ने उपस्थित लेखपाल को मौके पर जाकर पैमाइश करने और विवाद का निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

## पेड़ कटान की सूचना पर जा रहे डिप्टी रेंजर की बाइक गड्ढे में गिरी, घायल



मीरापुर, 12 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान की सूचना पर जा रहे डिप्टी रेंजर विवेक मलिक की बाइक का पहिया सड़क पर बने गहरे गड्ढे में गिर गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और बाइक सवार डिप्टी रेंजर विवेक मलिक घायल हो गए। शनिवार को डिप्टी रेंजर विवेक मलिक को कैथोड़ा में हरे भरे पेड़ों के अवैध कटान होने की सूचना मिली, जिस पर वह बाइक पर सवार होकर वहाँ जा रहे थे, जैसे ही इनकी बाइक कैथोड़ा पुलिस चौकी के समीप स्थित पीर के समीप पहुँची, तभी इनकी बाइक का पहिया सड़क में बने गहरे गड्ढे में गिर गया और इनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार डिप्टी रेंजर विवेक मलिक घायल हो गए। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने उन्हें उठाया और एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बता दें कि राजमार्ग पर बने गड्ढों में वाहनों के पहिये गिरने से लगातार हादसे हो रहे हैं, किन्तु इसके बावजूद एनएचएआई कुम्भकर्णी नींद सोया हुआ है। नागरिकों में राजमार्ग की जर्जर हालत होने से रोष व्याप्त है।


ADMISSION OPEN
फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों
किसी भी बोर्ड (UP Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी NIOS (भारत सरकार) का तुरंत फार्म भरें।
IX फेल X
XI फेल XII
• भाई-बहन के लिए विशेष छूट
• AGROHA KIDS SCHOOL
• AGROHA PUBLIC SCHOOL
• AGROHA SHIKSHA NIKETAN INTER COLLEGE
• AGROHA COLLEGE OF HIGHER EDUCATION
अधिकृत अध्ययन केन्द्र
अग्रोहा शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज
शांतिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा, मुजफ्फरनगर
विशेष : नर्सरी (प्ले) से कक्षा 12 तक यूपी बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें।
NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें / नोट: टीचर्स की आवश्यकता है

राजमंदिर बैंक्वेट हॉल
विवाह, रिंग- सेरेमनी, सगाई, रिसेप्शन, बर्थ-डे व अन्य कार्यक्रम
नोटः- भजन संध्या, तेरहवीं व मीटिंग के लिये सेवा शुल्क रुपये 31,000/- मात्र
पताः- भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्रः- 9837138610, 8433174678, 9307139968


## सहारनपुर में महिला की पीट-पीटकर हत्या

सहारनपुर, 18 सितम्बर (एजेंसी)। सहारनपुर के नयागांव में बच्चों के बीच झगड़े को लेकर 2 पक्षों में शुक्रवार रात खूनी संघर्ष हो गया। दिन में कहासुनी के बाद ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया था। आरोप है कि देर रात एक पक्ष के लोग अपने परिजनों के साथ दूसरे पक्ष के घर पहुंच गए और वहां मारपीट शुरू कर दी। लाठी-डंडों और सरियों से किए गए हमले में कई लोग घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने से 50 साल की अनिता की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भिजवाया। पुलिस ने अनिता के पति की तहरीर के आधार पर महिला समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ॐ शान्ति ! रस्म पगड़ी ॐ शान्ति !



आपको अत्यन्त दुःख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारे पूज्य पिता जी
**श्री ईश्वर दास मित्तल**
दिन- बुधवार, 02 सितम्बर 2026 को सांसारिक जीवन यात्रा सम्पूर्ण कर आराध्य प्रभु के श्रीचरणों में विलीन हो गये हैं। प्रभु की इच्छा के समक्ष हम नतमस्तक हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

**श्रद्धांजलि सभा**
आज दिन- रविवार, 13 सितम्बर 2026
ब्रह्मभोज ............................. 12:00 बजे मध्याह्न
पुष्पांजलि व रस्म पगड़ी ............ 2:00 बजे अपराह्न
कार्यक्रम स्थल : सनातन धर्म (सभाभवन), निकट झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर
नोटः- पार्किंग की व्यवस्था टाउन हॉल में रहेगी।

-: शोकाकुल परिवार :-
एड. विपिन-दिव्या मित्तल (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रवीण - मोनिका मित्तल (पुत्र-पुत्रवधू)
नवीन-कामिनी मित्तल (पुत्र-पुत्रवधू)
सीमा गोयल-आशीष गोयल (पुत्री-दामाद)
मुस्कान गोयल (नातिन)
मयंक (नाती) एवं समस्त मित्तल परिवार
निमिष मित्तल (पौत्र)
रोहन मित्तल (पौत्र)
हर्ष मित्तल (पौत्र)
अदिति मित्तल (पौत्री)
मानवी मित्तल (पौत्री)
वर्णिका मित्तल (पौत्री)
प्रतिष्ठान :- मित्तल इलैक्ट्रोनिक्स, पंचमुखी, मुजफ्फरनगर
निवास स्थान : 21/1, नवाबगंज, पंचमुखी, मुजफ्फरनगर
M.: 9897456116, 6398676823, 9456655677

# मेरठ में पूर्व मंत्री की फैक्ट्री में चोरी के आरोपी मुठभेड़ में दबोचे

## पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की फैक्ट्री से चोरी माल बरामद

**मुजफ्फरनगर,12 सितंबर (बु.)।** मेरठ जनपद के पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की बंद पड़ी मीट फैक्ट्री में चौकीदार को बंधक बनाकर लूट करने वाले बदमाशों को नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। बदमाशों के कब्जे से पांच अवैध तमंचे, कारतूस, विद्युत तार के दो बंडल, करीब 125 किलो एल्युमिनियम के पार्ट्स और दो कार बरामद हुई हैं। गिरफ्तार बदमाश विभिन्न थाना क्षेत्रों में विद्युत तार, ट्रांसफार्मर व विद्युत उपकरण की चोरी को भी अंजाम देते थे। एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में बताया कि एक सप्ताह पूर्व सनराइज स्टेट मैनेजमेंट सर्विसेज अंसल टाऊन के मैनेजर दीपेश कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने अंसल टाऊन से ट्रांसफार्मर काटकर सामान चोरी किया है। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार देर रात थाना नई मंडी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच-58 पर बागोवाली के पास आयशर वर्कशॉप के पीछे कुछ बदमाश चोरी का सामान बेचने के उद्देश्य से एकत्र हैं। नई मंडी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देखकर बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाश चांद उर्फ समर निवासी ताज कालोनी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद, दानिश निवासी यासीन गढ़ी वार्ड नम्बर 1 डासना थाना वेवसिटी गाजियाबाद व कय्यूम निवासी डासना थाना वेवसिटी गाजियाबाद पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में काम्बिंग अभियान चलाया। इस दौरान चेतन चौधरी व अली उर्फ इकबाल निवासीगण गांव चिपियान बुजुर्ग थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर व मोनिश खां निवासी प्रताप विहार थाना विजय नगर गाजियाबाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।



**मेरठ में पूर्व मंत्री के बंदी फैक्ट्री में की थी लूट**

**मुजफ्फरनगर।** थाना प्रभारी आंनद देव मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के गैंग में कई शातिर सदस्य शामिल है। यह गैंग विभिन्न जनपदों में विद्युत तार, ट्रांसफार्मर के सामान की चोरी को अंजाम दे चुका है। चार दिन पूर्व इसी गैंग ने मेरठ के पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की बंद पड़ी मीट फैक्ट्री में चौकीदार को बंधक बनकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। तभी से मेरठ पुलिस भी इस गैंग के पीछे लगी हुई थी। पकड़े गए सदस्यों पर दर्जनों अपराधिक मुकदमे दर्ज है। गैंग का मुख्य काम ट्रांसफार्मर व विद्युत तार चोरी का है।

**चोरी के माल के साथ स्कॉर्पियो और एक वैगनआर बरामद**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पांच अवैध तमंचे, 315 बोर के जिंदा और खोखा कारतूस, विद्युत तार के दो बंडल तथा करीब 125 किलो एल्युमिनियम के पार्ट्स बरामद हुए हैं। इसके अलावा एक स्कॉर्पियो और एक वैगनआर कार भी पुलिस ने कब्जे में ली है। पुलिस का कहना है कि बरामद सामान विद्युत उपकरण चोरी की घटनाओं से जुड़ा हुआ है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 4.41 लाख प्रकरणों का निस्तारण, करोड़ों रुपये का हुआ सेटलमेंट







**मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर 2026 (बु.)।** जिला न्यायालय मुजफ्फरनगर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गरिमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपसी सुलह-समझौते से मामलों का निस्तारण होने पर हार-जीत का प्रश्न समाप्त हो जाता है और पक्षकारों के बीच सौहार्द बना रहता है। साथ ही समय और धन की भी बचत होती है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य वादकारियों को सरल, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋण संबंधी मामलों में ग्राहकों को अधिकतम संभव छूट देते हुए प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय खलीकुज्जमा ने पारिवारिक मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने पर जोर दिया। लोक अदालत में परिवार न्यायालयों द्वारा कुल 125 मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज/एफटीसी कोर्ट संख्या-03 रवि कुमार दिवाकर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव डॉ. सत्येंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 4,41,556 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी श्रीमती आदेश नैन ने कुल 107 वादों का निस्तारण करते हुए 9,45,82,000 रुपये का प्रतिकर प्रदान कराया। जनपद न्यायालय के विभिन्न न्यायालयों द्वारा 5,630 शमनीय फौजदारी और 34 दीवानी वादों का निस्तारण किया गया। शमनीय फौजदारी मामलों में 12,59,080 रुपये का अर्थदंड वसूल किया गया, जबकि दीवानी वादों में 19,07,546 रुपये का उत्तराधिकार आदि अनुतोष प्रदान किया गया। 138 एनआई एक्ट न्यायालय द्वारा 39 वादों का निस्तारण करते हुए 1,17,33,743 रुपये का अर्थदंड वसूल किया गया। वहीं स्थायी लोक अदालत द्वारा 12 वादों का निस्तारण किया गया और 43,50,000 रुपये का अर्थदंड वसूल किया गया। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा 13,030 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया तथा 69,37,610 रुपये का राजस्व वसूल किया गया। विभिन्न बैंकों द्वारा 352 बैंक ऋण मामलों का निस्तारण कराते हुए लगभग 5,67,13,575 रुपये की धनराशि का सेटलमेंट किया गया।

कार्यक्रम में जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, महासचिव सुरेंद्र मलिक, सिविल बार संघ अध्यक्ष सुगंध जैन, महासचिव सत्येंद्र कुमार, न्यायिक अधिकारीगण, बैंक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं बड़ी संख्या में वादकारी मौजूद रहे।



## वेस्ट यूपी, दिल्ली और विदेश से भी गोगी और लॉरेंस गैंग के सदस्यों के खातों में आई रकम; खुलासा

**शामली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** हरियाणवी गायक अंकित बालियान हत्याकांड की पुलिस जांच में वेस्ट यूपी ही नहीं, दिल्ली, हरियाणा और विदेशों से भी गोगी, लॉरेंस और बाबा गैंग के सदस्यों के खातों में रुपया पहुंचने की जानकारी सामने आई है। पुलिस को गिरोह के सदस्यों से जुड़े 40 से अधिक ऐसे खातों का पता चला है, जिन्हें अलग-अलग स्थानों की पुलिस पहले ही फ्रीज करा चुकी है। अब पुलिस इन खातों के लेनदेन की कड़ियां जोड़कर साइबर ठगों से गिरोह के गठजोड़ की भी जांच कर रही है। पुलिस की जांच में असम, गुरुग्राम, पटना और देहरादून से गिरोह से जुड़े खातों में रकम पहुंचने की जानकारी मिली है। इसके अलावा यूरोप में बैठे शान नाम के व्यक्ति से जुड़े खाते की भी जांच की जा रही है। शान के खाते में ही 20 लाख से अधिक रुपयों का लेनदेन मिला है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इन खातों में रकम किसने भेजी और आगे यह पैसा किन खातों में पहुंचाया गया। एसपी एनपी सिंह के अनुसार जांच में गोगी गैंग के सोनीपत निवासी वांछित राहुल और सोनू के खाते में रकम आने की जानकारी मिली है। कनाडा और अमेरिका में बैठे चिराग और मोंटी के खातों की भी जांच कराई जा रही है। इन खातों में संदिग्ध लेनदेन की जानकारी मिली है। पुलिस इन खातों में हुए लेनदेन का ब्योरा जुटा रही है। जिन स्थानों से रकम भेजी गई, वहां भी जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

# हरिद्वार कुंभ: देवी-देवताओं का रूप धर नृत्य करने पर प्रतिबंध

**हरिद्वार, 12 सितंबर (एजेंसी)।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने देवी देवाताओं का रूप धारण कर नृत्य करने जैसे कृत्य को सनातन का उपहास बताया। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में ही ऐसे कार्य करने वालों के विरुद्ध कानून बनाने को लेकर मंथन किया जाएगा। श्रीमहंत ने कहा कि ऐसे उपहास करने वालों पर इसी बार के नवरात्रों से प्रतिबंध लगाने की तैयारी है। उन्होंने देवी-देवताओं का स्वरूप धारण कर नृत्य करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी ने कहा कि सनातन धर्म का उपहास उड़ाने वाले ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मां दुर्गा या मां काली का रूप धारण कर नृत्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी ने बताया कि अखाड़ा परिषद की ओर से सचेत किए जाने के बाद भी कुछ लोग देवी-देवताओं का रूप धारण कर नृत्य कर रहे हैं। उन्होंने इस कार्य को पूरी तरह अशोभनीय बताया। श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी ने कहा कि देवी देवताओं का स्वरूप धारण कर नृत्य कर सनातन धर्म का उपहास उड़ाने जैसे कृत्य को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि हिंदू देवी-देवताओं के स्वरूप में नृत्य करने से विरोधी तत्वों को सनातन धर्म का उपहास उड़ाने का अवसर मिलता है। इसी कारण अखाड़ा परिषद ने यह गंभीर निर्णय लिया है। परिषद ने आगामी नवरात्र पर्व के दौरान ऐसे कृत्यों पर कड़ी नजर रखने का फैसला किया है। जो भी व्यक्ति इस प्रकार का कृत्य करता पाया जाएगा, उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा। श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति विश्व की महान संस्कृतियों में से एक है। देवी-देवताओं का स्वरूप धारण कर नृत्य करना हमारी संस्कृति के प्रति अनादर दर्शाता है। परिषद ने पहले भी इस संबंध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बावजूद कुछ लोग इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

**अखाड़ा परिषद बोला- सनातन का उपहास बर्दाश्त नहीं**

# सीमा पार आतंकी साजिश को लेकर छापे

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में 10 जगहों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स और उनके स्थानीय 'ओवर ग्राउंड वर्कर्स' के कथित नेटवर्क से जुड़ी सीमा-पार आतंकी साज़िश के सिलसिले में की गई है। कुपवाड़ा, कुलगाम, बांदीपोरा, बारामूला और सोपोर में एनआईए के तलाशी अभियान का मकसद आतंकी साजिश से जुड़े सबूत जुटाना, घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को लॉजिस्टिकल और दूसरी मदद देने वाले लोगों की भूमिका का पता लगाना था।

यह मामला शुरू में श्रीनगर के जकूरा पुलिस स्टेशन में केस नंबर 0024/2026 के तौर पर दर्ज किया गया था। बाद में एनआईए ने इसे यूए (पी) एक्ट, 1967 की धारा 23, आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 7 और 25, और एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट, 1908 की धारा 4 के तहत RC-02/2026/NIA/खटव के तौर पर फिर से दर्ज किया। यह जांच 31 मार्च 2026 की देर रात एक नाका पॉइंट पर एलईटी से जुड़े एक ओजीडब्लू की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई। उसके पास से एक हैंड ग्रेनेड और जिंदा कारतूस बरामद किए गए।





इसके बाद की जांच में इस साजिश से जुड़े पाकिस्तानी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई और स्थानीय सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों की पहचान एवं उनकी संदिग्ध भूमिकाओं का पता चला।

## अम्बा स्टील पर सीजीएसटी के छापे से मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर,12 सितंबर (बु.)।** नगर की अंबा स्टील रोलिंग मिल पर केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) देहरादून की छापेमारी से एक बार फिर उद्यमियों में हड़कंप मचा है। गत दिवस सीजीएसटी देहरादून की विशेष टीम ने अंबा रोलिंग मिल छापे की कार्रवाई की। इस दौरान फैक्ट्री को पूरी तरह सील कर दिया गया। टीम ने फैक्ट्री में खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर, बिलिंग फाइलों और कंप्यूटर डेटा की बारीकी से पड़ताल शुरू की गई। टीम ने फैक्ट्री में कच्चे माल का भौतिक सत्यापन कर कई महत्वपूर्ण वित्तीय दस्तावेज और कंप्यूटर डेटा/इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य कब्जे में लिए गए। साक्ष्यों को आगे की कानूनी जांच के लिए अपने कब्जे में लेकर टीम लौट गई। इस छापे में क्या मिला इस बारे में अभी सीजीएसटी ने कुछ नहीं बताय है। अधिकारियों ने कहा कि पूरा आकलन करने के बाद ही कोई जानकारी दी जा सकेगी।

## सहारनपुर में 20 रुपये के 1.20 लाख की कीमत के नकली सिक्के बरामद

**सहारनपुर, 12 सितंबर (एजेंसी)।** सहारनपुर में पीएनबी की करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ रुपये के नकली नोट मिलने के मामले की जांच के बीच पुलिस ने अब नकली सिक्कों की खेप भी पकड़ी है। शहर कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 20 रुपये के नकली सिक्कों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद सिक्कों की कीमत करीब 1.20 लाख रुपये है। दोनों आरोपियों से पूछताछ कर नकली सिक्कों के स्रोत और उन्हें बाजार तक पहुंचाने वाले नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी निवासी कुलदीप और विपिन को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 20 रुपये के नकली सिक्कों की खेप बरामद होने की बात कही गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये सिक्के कहां तैयार किए गए और सहारनपुर तक इन्हें कौन पहुंचा रहा था। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी कुलदीप ने बताया कि उसे बाजार में चार हजार रुपये के नकली सिक्के चलाने के बदले 400 रुपये कमीशन मिलता था। इस जानकारी के बाद पुलिस को आशंका है कि नकली सिक्कों को बाजार में खपाने के लिए एक पूरा नेटवर्क काम कर रहा है। पुलिस अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि नेटवर्क में कितने लोग शामिल हैं और अब तक कितने नकली सिक्के बाजार में पहुंचाए जा चुके हैं। इसके अलावा नकली सिक्कों की सप्लाई किन लोगों को की जाती थी, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच के आधार पर नकली सिक्कों की पूरी सप्लाई चेन सामने आने की उम्मीद है।

## गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे प्रेमी को उल्टा लटकाकर पीटा

**सहारनपुर, 12 सितम्बर (एजेंसी)।** सहारनपुर में गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे प्रेमी को उसके परिजनों ने पकड़ लिया। उन्होंने प्रेमी को रस्सी से बांधकर उल्टा लटका दिया। करीब आधे घंटे तक पीटा। इसके बाद उसे खंभे से बांध दिया। सुबह उसके परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वे मौके पर पहुंचे। इसके बाद पंचायत हुई। पंचायत में प्रेमी को छोड़ने के बदले उसके परिजनों से 5 लाख रुपए लिए गए। शनिवार को घटना का वीडियो सामने आया। इसमें युवक रस्सी के सहारे उल्टा लटका दिखाई दे रहा है। आसपास कई लोग खड़े हैं। युवक बार-बार अपना चेहरा छिपा रहा है। मामला मिर्जापुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की कोशिश कर रही है।

**सहारनपुर में 12 घंटे खंभे से बांधकर रखा, 5 लाख रुपए लेकर छोड़ा**



## एक खटोला जेल के भीतर... गाना लगाकर वीडियो वायरल करने पर याकूब के बेटे के 5 दोस्तों पर एफआईआर हुई दर्ज

**मेरठ, 12 सितम्बर (एजेंसी)।** मेरठ में हरियाणवी गाने 'एक खटोला जेल के भीतर एक खटोला जेल के बाहर' गाने के साथ रील वायरल करने पर 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि रील को जेल के बाहर प्रतिबंधित एरिया में बनाया गया है। पांचों आरोपी जेल में बंद पूर्व मंत्री हाजी याकूब के बेटे फिरोज उर्फ भूरा से मिलने गए थे। इसी दौरान जेल के बाहर वीडियो बनाई थी। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में जांच बैठा दी। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि उक्त रील की जांच की गई वो मेरठ जिला जेल के बाहर की मिली है इसके बाद पांच युवकों पर मेडिकल थाने में मुकदमा हुआ है। मेरठ जिला जेल के बाहर का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। वीडियो में कुछ युवक जेल के बाहर खड़े नजर आ रहे हैं। पीछे जेल की ऊंची दीवारें और मुलाकात के लिए इंतजार करते लोग दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में हरियाणवी गाना बज रहा है, जिसके बोल हैं- 'एक खटोला जेल के भीतर, एक खटोला जेल के बाहर।' दावा किया जा रहा है कि वीडियो मेरठ जिला जेल के बाहर का है। वीडियो में हिस्ट्रीशीटर नदीम मेवाती का भाई शहजाद मेवाती भी अपने कुछ दोस्तों के साथ नजर आ रहा है। चर्चा है कि शहजाद अपने साथियों के साथ जेल में बंद गैंगस्टर फिरोज उर्फ भूरा से मुलाकात करने पहुंचा था। मुलाकात के बाद ही जेल के बाहर यह वीडियो बनाए जाने और सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने की बात कही जा रही है। मेरठ के एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया था। इसमें करीब चार से पांच युवक दिखाई दे रहे हैं और गाने के जरिए जेल के अंदर-बाहर का जिक्र किया गया है। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कहा कि इस तरह की रील बनाकर दहशत वाला माहौल बनाने की कोशिश गैरकानूनी है। वीडियो किस वजह से बनाया गया, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने साफ किया है कि मामले में जो भी लोग सामने आएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी गई है। ये पांचों युवक मेरठ जिला जेल में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में पहुंचे फिरोज उर्फ भूरा कुरैशी से मिलने गए थे। भूरा बसपा सरकार में मंत्री रहे मीट कारोबारी हाजी याकूब कुरैशी का छोटा बेटा है। धमकी और फायरिंग करने के मामले में चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री हाजी याकूब के बेटे फिरोज उर्फ भूरा से मिलने गए हिस्ट्रीशीटर नदीम मेवाती के भाई शहजाद मेवाती साथियों समेत जेल के बाहर नजर आए।

## सुबह बारिश दिन में कड़क धूप ने झुलसाया, 16 तक बारिश के आसार

**मुजफ्फरनगर,12 सितंबर (बु.)।** नगर में सुबह के समय हुई बारिश के बाद सवेरे जहां मौसम ठंडा था, वहीं दिन भर बादलों के साथ कड़क धूप ने मौसम में गर्माहट भर दी। हालांकि शाम को मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग ने 16 सितंबर तक बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि ठंडक जल्द आ सकती है। नगर में शनिवार को आसमान में बादल छाए रहे और शहर के कई हिस्सों में सुबह के समय 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। तापमान अधिकतम 34.7 और न्यूनतम 24.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में 16 सितंबर तक बारिश का यह सिलसिला जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि वर्तमान में चल रहा यह दौर इस मानसून सीजन की आखिरी बड़ी बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई थोड़ी देरी से होने की संभावना है। दिल्ली से 21 सितंबर के बाद मानसून की वापसी शुरू होने की उम्मीद है।




## अज्ञात बाइक की टक्कर, दो बाइक सवार घायल

**खतौली, 12 सितम्बर (बु.)।** थाना खतौली क्षेत्र की भंगेला चौकी के निकट नेशनल हाईवे-58 पर अज्ञात बाइक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी खतौली लाया गया, जहां एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में सोनू पुत्र अनिल, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी मंसूरपुर गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे सीएचसी खतौली से रेफर किया गया। वहीं अर्जुन पुत्र सुधीर, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी मंसूरपुर का सीएचसी खतौली में उपचार किया गया। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर अज्ञात बाइक सवार की जानकारी जुटाने में लगी है।





## सर्पदंश से भैंस की मौत, पशुपालक को लाखों रुपये का नुकसान

**भोपा, 12 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर में शनिवार दोपहर सर्पदंश से एक भैंस की मौत हो गई। भैंस की मौत से मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले पशुपालक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित और ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी मेहराज पुत्र मुस्तफा ने बताया कि शनिवार दोपहर वह घर में मौजूद था कि उसकी बहन शहनाज ने उसे भैंस के आगे सांप होने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही वह सांप को भगाने के लिए दौड़ा, तो अचानक सांप ने भैंस को काट लिया। सर्पदंश के कुछ देर बाद ही भैंस की हालत बिगड़ गई और उसकी तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ित के अनुसार वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है और पशुपालन ही उसके लिए आय का मुख्य साधन है। भैंस की मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित ने मुआवजे की मांग की है।

## अलकायदा के आतंकी को एटीएस ने आजमगढ़ से किया गिरफ्तार

**लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी एटीएस ने शनिवार को आजमगढ़ से आतंकी संगठन अल कायदा इंडिया सब कांटीनेंट (एक्यूआईएस) के आतंकी मोहम्मद नबील को गिरफ्तार किया है। महमूरपुर के ग्राम चितारा का निवासी नबील पर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर, अन्य लोगों के साथ मिलकर देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। वह अलकायदा आतंकी अनवर उल अवलाकी की विचारधारा से प्रेरित होकर युवाओं को व्हाट्सएप ग्रुप पर अपने साथ जोड़कर मुजाहिद बनने व इसके लिए धन व अत्याधुनिक हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त करने की योजना बना रहा था। उसके ग्रुप ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं के साथ विदेशी भी जुड़े हैं। एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि मोहम्मद नबील एक्यूआईएस की विचारधारा को प्रचारित व प्रसारित कर रहा है और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। इसके द्वारा सोशल मीडिया के इंक्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स पर ग्रुप बनाकर अन्य युवाओं को जोड़कर जिहाद के लिए तैयार करता है और इसके लिए धन इकठ्ठा करने की योजना बना रहा है।

## एसडीएम की गाडी पर हूटर बजाते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**मुजफ्फरनगर,12 सितंबर (बु.)।** बुढ़ाना एसडीएम की सरकारी गाड़ी में हूटर बजाकर रील बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले को लेकर पुलिस अब पड़ताल में जुटी हुई है। वायरल वीडियो में कुछ युवक एसडीएम लिखी सरकारी गाड़ी में सवार नजर आ रहे हैं। इसमें हूटर बजने की आवाज भी सुनाई दे रही है। सोशल मीडिया पर शनिवार शाम एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। यह वीडियो बुढ़ाना क्षेत्र के मेरठ-करनाल हाईवे का बताया जा रहा है। यह करीब एक महीने पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ युवक गाड़ी में बैठकर रील बनाते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान वाहन का हूटर बजता हुआ दिखाई-सुनाई दे रहा है। उक्त गाड़ी एसडीएम की बताई जा रही है। रील बनाने वालों ने ही इसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया, जहां से यह अब वायरल हो गई। वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों को बुढ़ाना एसडीएम के पूर्व ड्राइवर साजिद के परिवार से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस वीडियो वायरल होने के बाद इसकी पड़ताल कर रही है।



## पीएम ने साझा की ब्रिक्स की सबसे ताकतवर तस्वीर: दुनिया की 40% जीडीपी वाले तीन देश के प्रमुख एक फ्रेम में

**नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)।** नई दिल्ली में आयोजित हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के मंच से एक बेहद प्रभावशाली और ऐतिहासिक तस्वीर सामने आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक विशेष फोटो साझा करते हुए अंतरराष्ट्रीय पटल पर मजबूत संदेश दिया है।

इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक ही फ्रेम में बेहद गर्मजोशी के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 का औपचारिक आगाज हो चुका है। इस तस्वीर ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है क्योंकि इसमें विश्व की तीन प्रमुख परमाणु शक्तियों और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष नेता एक साथ खड़े हैं। यह तस्वीर दशार्ती है कि भारत वैश्विक कूटनीति के केंद्र में है और बड़े मतभेदों के बावजूद दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेताओं को एक मेज और एक फ्रेम में लाने की क्षमता रखता है। यह तस्वीर केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में उभरती अर्थव्यवस्थाओं की एकजुटता का खुला प्रदर्शन है। यह तस्वीर साफ बताती है कि नई दिल्ली में सम्मेलन की शुरूआत पूरी मजबूती और गंभीरता के साथ हो चुकी है। रूस, चीन और भारत के शीर्ष नेतृत्व की एक साथ मौजूदगी यह साबित करती है कि ब्रिक्स मंच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद और समन्वय का सबसे बड़ा जरिया बन गया है, जहां वैश्विक एजेंडे पर गंभीर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। तस्वीर में दिख रही केमिस्ट्री अंतरराष्ट्रीय राजनीति के जानकारों के लिए बड़ा कूटनीतिक संकेत मानी जा रही है। पुतिन, जिनपिंग और पीएम मोदी का यह साथ आना बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की उस सोच को मजबूती देता है, जिसकी वकालत ब्रिक्स के संस्थापक देश लगातार करते रहे हैं।



# हिरासत में आरोपी को मारना-पीटना पुलिस की ड्यूटी का हिस्सा नहीं, हाईकोर्ट ने पुलिसकर्मियों की याचिका खारिज की

**प्रयागराज, 12 सितंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी आरोपी को हिरासत में पीटना पुलिस के आधिकारिक कर्तव्य का हिस्सा नहीं है। यह गंभीर अपराध है, जिसे ड्यूटी के नाम पर माफ नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकल पीठ ने बांदा में तैनात रहीं शिवानी जोशी समेत दो अन्य पुलिसकर्मियों की उन्मोचन प्रार्थना पत्र (डिस्चार्ज एप्लीकेशन) खारिज करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। मामला बांदा के बबेरू थाना क्षेत्र का है। आरोप है कि मई 2022 में एक मुकदमे की जांच के दौरान नोटिस लेकर घर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ आरोपी पक्ष ने मारपीट की। साथ ही उनके सरकारी कागजात और नोटिस फाड़ दिए गए। इसके बाद पुलिस ने गांव के चार लोगों को हिरासत में ले लिया। इनमें महिलाएं भी शामिल थीं। हिरासत में लिए गए लोगों के परिजनों की ओर से पुलिस पर हिरासत के दौरान हिंसा, छेड़छाड़ और लूटपाट के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। आरोप लगाया गया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता और उनके परिवार के सदस्यों के हाथ-पैर बांधकर पिटाई की। इससे उनके कूल्हे, जांघ, छाती और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट व सूजन आई। इसकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में भी हुई। इसके बाद पुलिसकर्मियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया। आरोप तय होने से पहले पुलिसकर्मियों ने ट्रायल कोर्ट में उन्मोचन प्रार्थना पत्र दाखिल किया। पुलिसकर्मियों की ओर से दलील दी गई कि घटना पुलिस के कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान हुई थी। इसलिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी लेना जरूरी है। ट्रायल कोर्ट ने इन तर्कों को मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने कहा कि हिरासत में किसी व्यक्ति को बांधकर बार-बार पीटना आधिकारिक कर्तव्य का हिस्सा नहीं हो सकता। इसे यह कहकर भी सही नहीं ठहराया जा सकता कि जांच के दौरान पुलिसकर्मियों ने केवल अपनी सीमा थोड़ी पार कर दी थी। रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी पुलिसकर्मियों ने पहले भी संज्ञान और समन आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। हालांकि, आठ फरवरी 2024 को सक्षम अदालत के समक्ष पेश होने और जमानत अर्जी दाखिल करने की अनुमति लेकर उन्होंने वह याचिका वापस ले ली थी।



## इलाहाबाद हाईकोर्ट : नाबालिग के विवाह का पंजीकरण नहीं कर सकते अधिकारी, उम्र सत्यापन जरूरी

**प्रयागराज, 12 सितंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग के विवाह का पंजीकरण करने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि विवाह पंजीकरण अधिकारी उम्र से संबंधित दस्तावेजों का विश्वसनीय आधार पर सत्यापन किए बिना पंजीकरण नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि विवाह के समय यदि वर या वधू में से कोई बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की धारा 2(ए) के तहत बालक है तो ऐसे विवाह का पंजीकरण नहीं किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी ने यह आदेश मथुरा जिले के दीपक पाल की अपील पर दिया। अपीलकर्ता दीपक पाल के खिलाफ थाना हाईवे में अपहरण, दुष्कर्म और अन्य मामलों में विचारण न्यायालय ने सजा सुनाई थी। इसी आदेश को अपील के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। अपीलकर्ता की ओर से दलील दी गई कि कथित घटना के समय पीड़िता करीब 19 वर्ष की थी। उसके साथ दीपक पाल का स्वेच्छा से विवाह हुआ था और विवाह का विधिवत पंजीकरण भी कराया गया था। राज्य सरकार ने इसका विरोध करते हुए कहा कि विचारण न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर पीड़िता को नाबालिग पाया था। आरोप लगाया गया कि विवाह का पंजीकरण उसकी कम उम्र का तथ्य छिपाकर कराया गया। हाईकोर्ट ने संबंधित विवाह पंजीकरण अधिकारी को तलब किया। कोर्ट ने पंजीकरण की परिस्थितियों के संबंध में संतोषजनक व्याख्या नहीं मिलने पर कहा कि उम्र सत्यापन किए जाने का कोई प्रमाण रिकॉर्ड पर नहीं है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा : अनुसूचित जाति होने मात्र से एससी-एसटी एक्ट नहीं लगता

**प्रयागराज, 12 सितंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद में जमीन के लेनदेन से जुड़े मामले में आरोपी राजू कुरैशी उर्फ उमरदराज के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत चल रही कार्यवाही को निरस्त कर दिया है। हालांकि धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग, आपराधिक षड्यंत्र, गाली-गलौज और धमकी के आरोपों में मुकदमे की कार्यवाही जारी रहेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति संतोष राय की एकलपीठ ने दिया। गाजियाबाद के लोनी थाने में वर्ष 2025 में याची के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ जालसाजी, धोखाधड़ी और अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी को समन जारी किया था। इसके खिलाफ याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समन/संज्ञान आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही निरस्त करने की मांग की। याची के अधिवक्ता मोहम्मद समीउज्जमा खान ने दलील दी कि मामला बंथला गांव के खसरा संख्या 1245 से जुड़ी जमीन के लेनदेन का है। मूल रूप से यह दीवानी विवाद है, जिसे आपराधिक रंग दिया गया। कथित जातिसूचक टिप्पणी को सार्वजनिक रूप से किए जाने का भी कोई स्पष्ट आरोप नहीं है।

## यूपी के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नहीं बढ़ी सीटें, 6 नए को मान्यता

**लखनऊ, 12 सितम्बर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की एक भी सीट नहीं बढ़ी हैं, जबकि निजी क्षेत्र में 1200 सीटें बढ़ गई हैं। इसमें छह नए मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दी गई है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों एवं उनमें मौजूद सीटों का ब्योरा जारी कर दिया है। खास बात यह है कि इस वर्ष किसी भी सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटें नहीं बढ़ी हैं। पिछले वर्ष की तरह ही सरकारी क्षेत्र के 49 कॉलेजों में 5700 सीटों पर दाखिला होगा।

## पूर्व सीएम हरीश रावत बोले- कांग्रेस के सारे पद छोड़ दूंगा

**देहरादून, 12 सितम्बर (एजेंसी)।** उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों को छोड़ने की पेशकश की है। इसको लेकर रावत ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट लिखी है। एक दिन पूर्व उनके पीए के यहां इडी ने छापा मारा था।